# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002. Phone- 0651-2481909 (O) / 2480413 (F) email – pccfjhk@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक–11E-19(A)-19/2012- 3070 दिनांक– 21.9.15

प्रेषक,

बी0सी0 निगम,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक ।

सेवा में,

सभी प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी वन संरक्षक/सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखंड (वेबसाईट द्वारा)।

विषय :– विभाग द्वारा संपादित विभिन्न कार्यों के अनुश्रवण के संबंध में ।

महाशय,

आप सभी सहमत होंगे कि किसी भी विभागीय कार्य की गुणवत्ता बेहतर करना तभी संभव है, जबकि विभाग द्वारा विभिन्न स्तर पर किए जा रहे कार्यों का पर्याप्त अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हो ।

विभाग में वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं उनसे उच्च स्तर के सभी अधिकारी, यथा–वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक का मुख्य दायित्व पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण का ही है । उनसे अपेक्षा होती है कि वे कार्यपालक स्तर के अधिकारियों (वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं वनरक्षियों इत्यादि) को उनके कार्यों के निष्पादन में पर्याप्त मार्गनिर्देशन दें एवं उनके कार्यों का वांछित एवं निदेशानुसार अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करें ।

विभाग की छवि, विभाग द्वारा निष्पादित कार्यों की गुणवत्ता से ही परिलक्षित होती है । हम सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि हम विभाग के कार्यों की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक ले जाएं, जिससे कि इस विभाग एवं अधिकारियों की छवि उच्चतम स्तर की हो सके । सरकार द्वारा भी इस उद्देश्य से विभिन्न विभागीय कार्यों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु समय–समय पर कई निर्देश जारी किए गए हैं ।

आप सभी से यह अनुरोध है कि आप उपरोक्त उद्देश्य हेतु विभागीय कार्यों में निचले स्तर के कर्मियों को उचित मार्गनिर्देशन दें एवं वांछित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन भी सुनिश्चित करें ।

इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु ही विभाग द्वारा सभी अधिकारियें एवं कर्मियों को मोबाईल उपलब्ध कराया गया है तथा उसमें नर्सरी मैनेजमेंट एवं प्लांटेशन मैनेजमेंट से

संबंधित अप्लीकेशन विकसित कर डलवाएं गए हैं । इसके अतिरिक्त भी कई अप्लीकेशन विकसित कर मोबाईल में उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे कि आपको विभिन्न कार्यों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन में पर्याप्त सुविधा मिल सके ।

मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप सभी इस हेतु समय–समय पर सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए विभागीय कार्यों का पर्याप्त अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करेंगे एवं विभाग की छवि को उच्चतम स्तर पर ले जाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे ।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(बी0सी0 निगम)

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

11E-19(A)-19/2012

ज्ञापांक– 3070 रांची, दि0– 21.9.2015

प्रतिलिपि : विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु इन्विस सेंटर को प्रेषित।

21/9/15

प्रधान मुख्य वन संरक्षक